# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## सीईएन - 04/2026 - जेई, डीएमएस, सीएमए - CEN - 04/2026 - JE, DMS, CMA

| | |
|---|---|
| Test Date | 27/10/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject / Exam Group | RRB JE DMS CMA CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB JE DMS CMA CBT I**

**Q.1** संख्याओं के दो सेट नीचे दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएं करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है, और इसी प्रकार आगे की संख्याएं प्राप्त की जाती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान सेट का अनुसरण करता है?
(नोट- दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है जैसे कि यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है। )
**9 – 36 – 72 – 90;**
**11 – 44 – 88 – 106**

**Ans**
- ✗ 1. 7 – 28 – 56 – 72
- ✗ 2. 6 – 24 – 48 – 64
- ✗ 3. 4 – 64 – 128 – 146
- ✓ 4. 8 – 32 – 64 – 82

**Q.2** इस प्रश्न में, संख्याओं/प्रतीकों के समूह को निम्नलिखित कूट और दी गई शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया जाता है। शर्तों का अनुसरण करने वाले कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि एक भी शर्त का अनुसरण नहीं किया जाता है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे उसी प्रकार अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| | |
|---|---|
| संख्या/प्रतीक | 7 4 5 # @ & ? $ + % |
| कूट | J P L C M Z T G F D |

**शर्तें –**
**(i) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों के कूटों को परस्पर बदल दें।**
**(ii) यदि दूसरा और तीसरा अवयव प्रतीक हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध करें।**
**(iii) यदि चौथा अवयव एक सम संख्या है, तो चौथे और पांचवें दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध करें।**

**संख्या-प्रतीकों के निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या है?**
**745#@**

**Ans**
- ✗ 1. JPLCM
- ✓ 2. MPLCJ
- ✗ 3. ZPLCM
- ✗ 4. JPTCM

Q.3 ₹4984 को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित कीजिए कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{4}$ और तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ बराबर हों। तीसरा भाग (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3148
- ✗ 2. 2548
- ✗ 3. 2748
- ✓ 4. 2848

Q.4 अक्टूबर 1980 में काम के बदले अनाज कार्यक्रम के स्थान पर निम्नलिखित में से किस कार्यक्रम को शुरू किया गया था?

Ans
- ✗ 1. ग्रामीण क्षेत्रों में महिला एवं बाल विकास
- ✓ 2. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम
- ✗ 3. ग्रामीण युवकों को स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण
- ✗ 4. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम

Q.5 एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 5041 $m^2$ है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) कितनी होगी?

Ans
- ✗ 1. 89
- ✗ 2. 79
- ✓ 3. 71
- ✗ 4. 61

Q.6 वर्ष 2026 के तमिलनाडु विधानसभा निर्वाचन परिणामों में, किस दल ने सबसे बड़े एकल दल के रूप में जीत हासिल की?

Ans
- ✗ 1. द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (Dravida Munnetra Kazhagam)
- ✗ 2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (Indian National Congress)
- ✗ 3. ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam)
- ✓ 4. तमिलगा वेत्री कड़गम (Tamilaga Vettri Kazhagam)

Q.7 एक रिटेलर ₹2,00,000 के अंकित मूल्य पर वस्तुएं खरीदता है। विक्रेता 20% व्यापारिक छूट तथा 10 दिनों के अंदर भुगतान करने पर 5% नकद छूट प्रदान करता है। यदि रिटेलर छूट अवधि के अंदर भुगतान करता है, तो भुगतान की जाने वाली अंतिम राशि ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹1,60,000
- ✓ 2. ₹1,52,000
- ✗ 3. ₹1,51,000
- ✗ 4. ₹1,50,000

Q.8 भाग के एक प्रश्न में, भाजक, भागफल का 18 गुना है और शेषफल का 9 गुना है। यदि शेषफल 40 है, तो भाज्य ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 7237
- ✓ 2. 7240
- ✗ 3. 7244
- ✗ 4. 7238

Q.9 सात व्यक्ति, D, E, F, G, U, V और W एक पंक्ति में उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। D पंक्ति के दाएं छोर से दूसरे स्थान पर बैठा है। G, U के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। W के दाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। V, W का निकटतम पड़ोसी नहीं है। E और W के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ 1. तीन
- ✗ 2. एक
- ✓ 3. दो
- ✗ 4. चार

Black book

**Q.10** एक नाव को नदी में धारा की विपरीत दिशा में 100 km की दूरी तय करने में 8 घंटे लगते है और धारा की दिशा में 80 km की दूरी तय करने में 5 घंटे लगते हैं। यदि नाव धारा की विपरीत दिशा में 60 km की दूरी तय करती है और फिर धारा की दिशा में 60 km की दूरी तय करती है, तो उसे कुल कितना समय (घंटों में) लगेगा और धारा की चाल (km/h में) कितनी है? (विकल्प क्रमशः लिखे गए हैं)

**Ans**
- ✔ 1. 8.55, 1.75
- ✘ 2. 8, 1.5
- ✘ 3. 8.45, 1.75
- ✘ 4. 8.45, 1.5

**Q.11** बोर के अभिगृहीत, हाइड्रोजन के स्थायित्व की व्याख्या करते हैं, लेकिन बहु-इलेक्ट्रॉन परमाणुओं के लिए मुख्य रूप से क्यों विफल हो जाते हैं?

**Ans**
- ✘ 1. यह माना जाता है कि बहु-इलेक्ट्रॉन परमाणुओं में इलेक्ट्रॉनों का कोई द्रव्यमान नहीं होता है
- ✔ 2. बोर के मॉडल में इलेक्ट्रॉन-इलेक्ट्रॉन अन्योन्यक्रियाओं पर विचार नहीं किया जाता है
- ✘ 3. प्रोटॉन बड़े परमाणुओं में तेजी से गति करते हैं, जिससे कक्षाएँ बाधित होती हैं
- ✘ 4. नाभिक में न्यूट्रॉन बोर के मॉडल में इलेक्ट्रॉन पथों को प्रभावित करते हैं

**Q.12** समतापमंडल में ऊंचाई के साथ तापमान में वृद्धि क्यों होती है?

**Ans**
- ✘ 1. वायु के ऊर्ध्वाधर मिश्रण से ऊष्मा बढ़ती है
- ✘ 2. जल वाष्प संघनन से ऊष्मा निर्मुक्त होती है
- ✘ 3. पृथ्वी की सतह, परत को सीधे गर्म करती है
- ✔ 4. ओजोन, UV किरणों को अवशोषित करता है और परत को गर्म करता है

**Q.13** M, N, O, X, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे नीचे वाले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का क्रमांक 6 है।
M और Z के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। O और Y के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। N और Y के बीच केवल एक व्यक्ति रहता है। N, तल क्रमांक 1 पर रहता है। M, Y के ऊपर रहता है।
X के ऊपर कितने व्यक्ति रहते हैं?

**Ans**
- ✘ 1. तीन
- ✘ 2. एक
- ✔ 3. दो
- ✘ 4. चार

**Q.14** दो तत्वों, कैल्शियम (परमाणु क्रमांक 20, द्रव्यमान संख्या 40) और आर्गन (परमाणु क्रमांक 18, द्रव्यमान संख्या 40) की तुलना की जाती है। दिए गए तत्वों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**
- ✘ 1. ये एकसमान हैं क्योंकि दोनों की द्रव्यमान संख्या और परमाणु क्रमांक समान है।
- ✘ 2. ये समस्थानिक परमाणु हैं क्योंकि इनके परमाणु क्रमांक समान है लेकिन द्रव्यमान संख्या भिन्न है।
- ✘ 3. ये समभारिक परमाणु हैं क्योंकि इनके परमाणु क्रमांक समान है।
- ✔ 4. ये समभारिक परमाणु हैं क्योंकि इनकी द्रव्यमान संख्या समान है लेकिन परमाणु क्रमांक भिन्न है।

**Q.15** उत्तर की ओर अभिमुख 48 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, मधु बाएं छोर से 22वें स्थान पर है। यदि सुरेश, मधु के दाएं 25वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएं छोर से सुरेश का स्थान क्या है?

**Ans**
- ✘ 1. तीसरा
- ✔ 2. दूसरा
- ✘ 3. पहला
- ✘ 4. चौथा

**Q.16** एक निश्चित धनराशि को साधारण ब्याज पर निवेश करने पर यह 2 वर्ष में ₹1,750 और 3 वर्ष में ₹2,000 हो जाती है। वार्षिक ब्याज दर (% में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 20
- ✘ 2. 25
- ✘ 3. 10
- ✘ 4. 50

black book

**Q.17** HCl के साथ अभिक्रिया में कौन-सी धातु सबसे कम अभिक्रियाशील होगी?

**Ans**
- ✔ 1. लोहा
- ✘ 2. मैग्नीशियम
- ✘ 3. ऐल्यूमीनियम
- ✘ 4. जस्ता

**Q.18** एक विनिर्माता अपना विक्रय मूल्य, उत्पादन लागत से 28% अधिक निर्धारित करता है। यदि उत्पादन लागत 25% बढ़ जाती है और विनिर्माता अपने विक्रय मूल्य में 25% की वृद्धि कर देता है, तो लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. 28%
- ✘ 2. 27%
- ✘ 3. 25%
- ✘ 4. 31%

**Q.19** अमन, पूजा का पुत्र है। पूजा, राजेश की पत्नी है। राजेश, दीपक का भाई है। दीपक, काव्या का पिता है। अमन का काव्या से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✘ 1. माता के भाई का पुत्र
- ✘ 2. माता की बहन का पुत्र
- ✔ 3. पिता के भाई का पुत्र
- ✘ 4. पिता की बहन का पुत्र

**Q.20** गीतांजलि तीन बराबर दूरियां क्रमशः 50 km/h, 60 km/h और 80 km/h की चाल से तय करती है। इस यात्रा की औसत चाल की गणना कीजिए। अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थान तक पूर्णांकित कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 65.02 km/h
- ✔ 2. 61.02 km/h
- ✘ 3. 64.23 km/h
- ✘ 4. 62.01 km/h

**Q.21** कार्बन का निम्नलिखित में से कौन-सा अपरूप, विद्युत का कुचालक होता है?

**Ans**
- ✘ 1. फुलेरीन
- ✔ 2. हीरा
- ✘ 3. ग्रेफाइट
- ✘ 4. चारकोल

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सर्वोत्तम रूप से यह स्पष्ट करता है कि सोडियम परमाणु, क्लोरीन के साथ अभिक्रिया करने पर धनात्मक आयन क्यों बनाता है?

**Ans**
- ✘ 1. सोडियम परमाणु अपना बाह्य कोश पूर्ण करने के लिए एक इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है।
- ✘ 2. सोडियम परमाणु, आबंध बनाने के लिए क्लोरीन के साथ समान रूप से इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी करता है।
- ✘ 3. सोडियम परमाणु विद्युत रूप से उदासीन रहने के लिए अपने सभी इलेक्ट्रॉन प्रतिधारित किए रखता है।
- ✔ 4. सोडियम परमाणु एक स्थायी इलेक्ट्रॉनिक विन्यास प्राप्त करने के लिए एक इलेक्ट्रॉन त्याग देता है।

**Q.23** हेनले पासपोर्ट इंडेक्स (Henley Passport Index) के 2026 संस्करण के अनुसार, निम्नलिखित में से किस देश का पासपोर्ट दुनिया का सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट था, जो 192 गंतव्यों तक वीज़ा-मुक्त पहुंच प्रदान करता है?

**Ans**
- ✘ 1. जापान
- ✔ 2. सिंगापुर
- ✘ 3. संयुक्त अरब अमीरात
- ✘ 4. दक्षिण कोरिया

black book

**Q.24** निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\frac{\sqrt{\tan^2 A + (\operatorname{cosec}^2 A - 1) + 2}}{(\tan A + \cot A)}$$

**Ans**

✔ 1. 1

✘ 2. cotA

✘ 3. 2

✘ 4. tanA

**Q.25** धातुओं के भौतिक गुणधर्मों के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?

**Ans**

✘ 1. सभी धातुएं विद्युत की समान रूप से अच्छी चालक होती हैं।

✔ 2. किसी धातु की ध्वन्यात्मकता उसकी कंपन करने की क्षमता के कारण होती है जब उस पर चोट की जाती है।

✘ 3. पारद एकमात्र ऐसी धातु है जो कक्ष के तापमान पर ठोस अवस्था में होती है।

✘ 4. सभी धातुएं कठोर होती हैं और उन्हें चाकू से नहीं काटा जा सकता।

**Q.26** वनोन्मूलन के विरुद्ध एक जमीनी स्तर की पहल, चिपको आंदोलन, जिसमें ग्रामीणों द्वारा वृक्षों को कटने से बचाने के लिए उन्हें गले लगाया गया था, की शुरुआत किस वर्तमान राज्य में हुई थी?

**Ans**

✘ 1. झारखंड

✘ 2. सिक्किम

✔ 3. उत्तराखंड

✘ 4. हिमाचल प्रदेश

**Q.27** भारत में अंग्रेजों की "फूट डालो और राज करो (Divide and Rule)" की नीति मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस धारणा पर आधारित थी?

**Ans**

✘ 1. शांति बनाए रखने के लिए विभिन्न समुदायों के बीच सहयोग को बढ़ावा देना आवश्यक था।

✘ 2. एक समान नागरिक संहिता विविधतापूर्ण आबादी पर शासन करने का सबसे प्रभावी तरीका होगी।

✘ 3. भाषाई विविधता को बढ़ावा देना देश के आर्थिक विकास में सहायक होगा।

✔ 4. प्रभावी प्रशासन के लिए पहले से मौजूद, दृढ़ धार्मिक और जातीय पहचानों को मान्यता देना और उन्हें सुदृढ़ करना अत्यंत महत्वपूर्ण था।

**Q.28** एक मध्यम असममित (moderately asymmetrical) समूहीकृत आंकड़ा बंटन के लिए, माध्यिका 35 है। बहुलक और माध्य के बीच का अंतर 12 है। यदि माध्य, बहुलक से अधिक है, तो माध्य का मान ज्ञात कीजिए। (माध्य, माध्यिका और बहुलक के बीच आनुभविक संबंध का उपयोग कीजिए)

**Ans**

✘ 1. 40

✔ 2. 39

✘ 3. 38

✘ 4. 41

**Q.29** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

प्रश्न: पांच मित्र – आध्या, भाविन, चरित, देविका और ईशान – की आयु अलग-अलग है, तो सबसे छोटा कौन है?

कथन
(I) देविका, चरित से छोटी है परंतु भाविन से बड़ी है।
(II) आध्या, देविका से बड़ी है, और ईशान, चरित से बड़ा है।

**Ans**

✘ 1. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

✘ 2. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है।

✔ 3. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ (न तो अकेले कथन I या न अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।

✘ 4. कथन I और II दोनों में दिया गया डेटा एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

Q.30 यदि $15\sin A + \cos A = \sqrt{8}\sin A$ है, तो $\tan A$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $\frac{-16-\sqrt{8}}{217}$
✓ 2. $\frac{-15-\sqrt{8}}{217}$
✗ 3. $\frac{-15-\sqrt{8}}{212}$
✗ 4. $\frac{-15-\sqrt{8}}{227}$

Q.31 एक वृत्त C पर विचार कीजिए, जिसका केंद्र O तथा त्रिज्या 8 cm है। वृत्त C के क्षेत्रफल तथा वृत्त C के उस त्रिज्यखंड के क्षेत्रफल के बीच अंतर ज्ञात कीजिए, जो O पर 120° का कोण अंतरित करता है।

Ans
✗ 1. $\frac{124\pi}{3}\ \text{cm}^2$
✗ 2. $\frac{125\pi}{3}\ \text{cm}^2$
✗ 3. $\frac{120\pi}{3}\ \text{cm}^2$
✓ 4. $\frac{128\pi}{3}\ \text{cm}^2$

Q.32 केशव बिंदु A से शुरू करता है और पश्चिम की ओर 7 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है और बिंदु B पर रुक जाता है। प्रणय बिंदु P से शुरू करता है, जो बिंदु A के 10 km पूर्व में है, और पूर्व की ओर 4 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 13 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है और बिंदु Q पर रुक जाता है। बिंदु Q और बिंदु B के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✗ 1. 13 km
✗ 2. 10 km
✗ 3. 11 km
✓ 4. 12 km

Q.33 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

243 226 210 195 181 168 ?

Ans
✗ 1. 158
✗ 2. 161
✗ 3. 152
✓ 4. 156

Q.34 निम्नलिखित में से कौन-सा, पादप तनों में पार्श्व विभज्योतक के विन्यास और प्रकार्य का वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. अग्रभाग पर स्थित होता है, लंबाई में वृद्धि करता है
✗ 2. पर्वसंधियों पर पाया जाता है, शाखाएं बनाता है
✗ 3. तने में बिखरा होता है, पोषक तत्वों का भंडारण करता है
✓ 4. वलयों में व्यवस्थित होता है, व्यास में वृद्धि करता है

Q.35 पाँच संख्याओं 8, 12, 16, 20, 24 का मानक विचलन ज्ञात कीजिए। (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें)

Ans
✗ 1. 7.15
✗ 2. 6.25
✓ 3. 5.66
✗ 4. 4.52

Black book

**Q.36** यदि '+' और '-' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर प्रतिस्थापित कर दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
**315 - 280 x 5 ÷ 3 +19 =?**

**Ans**
✗ 1. 475
✗ 2. 482
✗ 3. 460
✓ 4. 464

**Q.37** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित निम्नलिखित शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?
**IKN HJM GIL FHK ?**

**Ans**
✗ 1. EHI
✓ 2. EGJ
✗ 3. EGI
✗ 4. EHJ

**Q.38** यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
**DIM PIN URN OWL**
दाएं से दूसरे शब्द के पहले अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

**Ans**
✗ 1. 12
✗ 2. 14
✗ 3. 10
✓ 4. 11

**Q.39** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के एक मौद्रिक नीति साधन, रेपो दर का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

**Ans**
✗ 1. वह दर जो दीर्घकालिक सरकारी ऋणों के लिए उपयोग की जाती है
✗ 2. वह दर जिस पर बैंक RBI को ऋण देते हैं
✓ 3. वह दर जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है
✗ 4. जमा का वह प्रतिशत जिसे आरक्षित के रूप में रखा जाता है

**Q.40** जल के अंदर किसी वस्तु को बचाने के उद्देश्य से तैनात लाइफगार्ड को उसकी आभासी स्थिति की ओर ही सीधे गोता क्यों नहीं लगाना चाहिए?

**Ans**
✗ 1. जल वस्तु का परावर्तन करता है।
✗ 2. वस्तु अधिक दूरी पर प्रतीत होती है।
✓ 3. अपवर्तन के कारण वस्तु उथली प्रतीत होती है।
✗ 4. अपवर्तन के कारण वस्तु निरंतर गतिमान रहती है।

**Q.41** लसीका (lymph) के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

**Ans**
✗ 1. लसीका मुख्य रूप से प्लेटलेट्स से बना होता है
✗ 2. लसीका में रक्त प्लाज्मा की तुलना में अधिक प्रोटीन होता है
✓ 3. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में कम प्रोटीन होता है और यह रंगहीन होता है
✗ 4. लसीका में प्लाज्मा की तुलना में अधिक लाल रक्त कोशिकाएं होती हैं

**Q.42** एक निश्चित कूट भाषा में,
**A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',**
**A $ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',**
**A & B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है', और**
**A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।**
**उपरोक्त के आधार पर, यदि 'F#T$O%Q&Z' है, तो F का Z से क्या संबंध है?**

**Ans**
✗ 1. माता
✗ 2. पत्नी
✓ 3. पत्नी के पिता की बहन
✗ 4. पत्नी के पिता की माता

Black

**Q.43** दो पात्रों में लाल रंजक की सांद्रता अलग-अलग है: एक पात्र में 30% और दूसरे पात्र में 50% है। यदि पहले पात्र के 4 लीटर तथा दूसरे पात्र के 6 लीटर को मिश्रित किया जाए, तो मिश्रण में लाल रंजक का प्रतिशत क्या होगा?

**Ans**
- ✗ 1. 50%
- ✗ 2. 40%
- ✗ 3. 44%
- ✓ 4. 42%

**Q.44** केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, कंप्यूटर प्रौद्योगिकी विकास के किस क्षेत्र पर केंद्रित है?

**Ans**
- ✓ 1. चिप उपकरण, सामग्री और उन्नत विनिर्माण
- ✗ 2. ऑनलाइन गेमिंग प्रमाणन और उपयोगकर्ता सुरक्षा
- ✗ 3. ग्रामीण ब्रॉडबैंड मैपिंग और प्रशुल्क विनियमन
- ✗ 4. डिजिटल भुगतान अधिप्रमाणन और निपटान

**Q.45** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।
(बाएं) 5 @ 3 $ 8 & 6 Ω 2 % 9 * 4 £ 7 # 1 & 3 (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

**Ans**
- ✗ 1. एक
- ✓ 2. तीन से अधिक
- ✗ 3. तीन
- ✗ 4. दो

**Q.46** वैद्युतअपघटनी परिष्करण का उपयोग निम्नलिखित में से किसके निर्मलन के लिए किया जाता है?

**Ans**
- ✓ 1. धातु
- ✗ 2. अधातु
- ✗ 3. शर्करा
- ✗ 4. मिश्रधातु

**Q.47** यदि $6a - b + 3c = -9$, $a + b - c = 4$ और $3a - b + 4c = -5$ हो, तो $a + b + c$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. 0
- ✗ 2. −1
- ✗ 3. 1
- ✓ 4. 6

**Q.48** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प इसकी सर्वोत्तम व्याख्या करता है कि एक वास्तविक विलयन में टिंडल प्रभाव क्यों नहीं देखा जाता है?

**Ans**
- ✗ 1. वास्तविक विलयन में कण रंगीन होते हैं
- ✓ 2. वास्तविक विलयन में कण प्रकाश को प्रकीर्णित करने के लिए बहुत छोटे होते हैं
- ✗ 3. कणों का अपवर्तनांक भिन्न होता है
- ✗ 4. वास्तविक विलयन में वायु के बुलबुले अनुपस्थित होते हैं

**Q.49** कोई बायोमेडिकल इंजीनियर एक (MRI) मशीन डिजाइन कर रही है, जो इमेजिंग चैंबर के भीतर एक समान चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न करने के लिए एक परिनालिका का उपयोग करती है। धारा को परिवर्तित किए बिना क्षेत्र सामर्थ्य बढ़ाने के लिए, वह परिनालिका की डिजाइन में संशोधन करने पर विचार करती है। चैंबर का आकार स्थिर रखते हुए, कौन-सा संशोधन चैंबर के भीतर क्षेत्र को सबसे प्रभावी ढंग से बढ़ाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. समान चैंबर में परिनालिका के फेरों के बीच की दूरी बढ़ाना
- ✗ 2. परिनालिका के भीतर एक अचुंबकीय (जैसे, प्लास्टिक) कोर रखना
- ✗ 3. परिनालिका के भीतर कॉइल वाइंडिंग के लिए मोटे तार का उपयोग करना
- ✓ 4. परिनालिका की प्रति यूनिट लंबाई में कसकर लिपटे हुए फेरों की संख्या बढ़ाना

black

**Q.50** कालिदास, भास तथा भवभूति (Kalidasa, Bhasa, and Bhavabhuti) की कृतियों से कौन-सी शास्त्रीय भाषा संबंधित है?

**Ans**
- ✔ 1. संस्कृत
- ✘ 2. हिंदी
- ✘ 3. तमिल
- ✘ 4. प्राकृत

**Q.51** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्मों में अनुसरण किए गए पैटर्न के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**BKP : EMM**
**JLQ : MNN**

**Ans**
- ✘ 1. INX : LPV
- ✘ 2. KXL : NYI
- ✘ 3. BPN : ESK
- ✔ 4. QDJ : TFG

**Q.52** दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप पूर्ण बनाने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**15 22 40 79 129 200 282 ?**

**Ans**
- ✔ 1. 385
- ✘ 2. 389
- ✘ 3. 380
- ✘ 4. 387

**Q.53** जाइलम ऊतक में वाहिनिकाओं और वाहिकाओं की मुख्य भूमिका क्या है?

**Ans**
- ✘ 1. वे भविष्य के उपयोग के लिए कार्बोहाइड्रेट का भंडारण करती हैं
- ✘ 2. वे भोजन के क्षैतिज संचलन में सहायता करती हैं
- ✔ 3. वे जल और खनिजों का ऊपर की ओर परिवहन करती हैं
- ✘ 4. वे तनों को केवल यांत्रिक सहायता प्रदान करती हैं

**Q.54** दो मित्र, X और Y क्रमशः ₹160 और ₹230 की प्रारंभिक पूंजी के साथ एक व्यवसाय शुरू करते हैं। एक वर्ष के अंत में, व्यवसाय से कुल ₹54,951 का लाभ अर्जित होता है। लाभ में X का हिस्सा (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. ₹22,544
- ✘ 2. ₹22,551
- ✘ 3. ₹22,560
- ✘ 4. ₹22,549

**Q.55** कशेरुकी प्राणियों में कशेरुक दंड का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से कौन-सा है?

**Ans**
- ✔ 1. तंत्रिका तंत्र के मेरुरज्जु की सुरक्षा करना
- ✘ 2. खाद्य पदार्थों के पाचन हेतु पाचक रसों का स्राव करना
- ✘ 3. संपूर्ण शरीर में ऑक्सीजनित रक्त का संचार करना
- ✘ 4. रक्त से आविष नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्टों का निस्यंदन करना

**Q.56** वृषणकोष शरीर के सामान्य तापमान ____ वृषण तापमान बनाए रखने में सहायक होता है, जो शुक्राणु बनने के लिए आवश्यक है।

**Ans**
- ✘ 1. से अधिक
- ✔ 2. से कम
- ✘ 3. के बराबर
- ✘ 4. के साथ परिवर्ती

black

**Q.57** भारत के उत्तरी मैदानों के भू -आकृतिविज्ञान में, बांगर (Bhangar) के अपेक्षाकृत शुष्क भागों में सामान्यतः पाए जाने वाले लवणीय और क्षारीय उत्फुल्लन (efflorescence) के पैच को स्थानीय रूप से किस नाम से जाना जाता है?

**Ans**
- ✔ 1. रेह या कल्लर (Reh or Kallar)
- ✘ 2. तराई आर्द्रभूमि (Terai wetlands)
- ✘ 3. खादर निक्षेप (Khadar deposits)
- ✘ 4. भाबर पट्टी (Bhabar belt)

**Q.58** एक विद्यार्थी यह अवलोकन करता है कि जब प्रकाश वायु से जल में प्रवेश करता है, तो वह अभिलंब की ओर मुड़ जाता है। यह वायु की तुलना में जल के अपवर्तनांक के संबंध में क्या दर्शाता है?

**Ans**
- ✘ 1. जल का अपवर्तनांक वायु से कम होता है
- ✘ 2. जल का अपवर्तनांक केवल प्रकाश की तरंगदैर्घ्य पर निर्भर करता है
- ✔ 3. जल का अपवर्तनांक वायु से अधिक होता है
- ✘ 4. जल और वायु के अपवर्तनांक समान हैं

**Q.59** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, उदासीनीकरण अभिक्रिया के उत्पादों के संबंध में सही है?

**Ans**
- ✘ 1. वे सदैव कार्बन डाइऑक्साइड और जल होते हैं
- ✔ 2. वे सदैव लवण और जल होते हैं
- ✘ 3. वे सदैव ऑक्सीजन और जल होते हैं
- ✘ 4. वे सदैव हाइड्रोजन गैस और जल होते हैं

**Q.60** निम्नलिखित में से कौन-सा आंदोलन "करो या मरो" के नारे से संबंधित है?

**Ans**
- ✔ 1. भारत छोड़ो आंदोलन
- ✘ 2. खिलाफत आंदोलन
- ✘ 3. सविनय अवज्ञा आंदोलन
- ✘ 4. असहयोग आंदोलन

**Q.61** अक्षत, ₹85100 धनराशि को 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर पर 1 वर्ष के लिए का निवेश करता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। उसे प्राप्त होने वाला मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ 1. ₹102971
- ✘ 2. ₹102904
- ✘ 3. ₹103140
- ✘ 4. ₹102649

**Q.62** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 252 का संबंध 28 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 306 का संबंध 34 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 270 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✔ 1. 30
- ✘ 2. 32
- ✘ 3. 37
- ✘ 4. 35

**Q.63** किसी निश्चित तरीके से GH 9 का संबंध JG 28 से है। उसी प्रकार, HH 13 का संबंध KG 32 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, OP 23 का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

**Ans**
- ✘ 1. SP 44
- ✔ 2. RO 42
- ✘ 3. SO 38
- ✘ 4. RP 42

black book

**Q.64** किसी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा गणित में प्राप्त औसत अंक 77 थे। लड़कों द्वारा प्राप्त औसत अंक, लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक से 60% अधिक हैं। यदि लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 7 : 2 है, तो लड़कियों द्वारा प्राप्त औसत अंक ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✗ 1. 52
✓ 2. 52.5
✗ 3. 54
✗ 4. 47.6

**Q.65** पुष्पी पादपों में परागकणों के वर्तिकाग्र तक पहुंचने के बाद निम्नलिखित में से कौन-सी घटना होती है?

**Ans**
✗ 1. पुष्प द्वारा मकरंद उत्पादित किया जाता है।
✗ 2. परागकण सीधे ही विकसित होकर बीज बनते हैं।
✓ 3. बीजांड के अंदर निषेचन होता है।
✗ 4. अंडाशय विकसित होकर पुष्प बनता है।

**Q.66** एक निश्चित कूट में,
'happy child plays' को 'sy wc qz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'happy smiles mother' को 'ta gk sy' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और
'beautifully child smiles' को 'wc bt gk' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं)

कूट 'bt' का क्या तात्पर्य है?

**Ans**
✗ 1. happy
✗ 2. plays
✗ 3. child
✓ 4. beautifully

**Q.67** EXTERNALITY शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में कितने अक्षर ठीक दो बार आएंगे?

**Ans**
✗ 1. चार
✗ 2. दो
✗ 3. एक
✓ 4. तीन

**Q.68** एक पक्षी विरामावस्था से उड़ना शुरू करता है और अपने पंख फड़फड़ाकर 6 m/s की चाल प्राप्त कर लेता है। कौन-सा कथन, सर्वोत्तम रूप से यह व्याख्या करता है कि पक्षी गतिज ऊर्जा किस प्रकार प्राप्त करता है?

**Ans**
✗ 1. उड़ान के समय, पंख निरंतर ऊर्जा अंतरित करते हैं।
✗ 2. वायु प्रतिरोध, पक्षी की गतिज ऊर्जा में वृद्धि करता है।
✓ 3. पक्षी की पेशियां संग्रहीत रासायनिक ऊर्जा को गतिज ऊर्जा में परिवर्तित करती हैं।
✗ 4. बिना किसी ऊर्जा रूपांतरण के गतिज ऊर्जा उत्पन्न होती है।

**Q.69** एक बल्ब से 1 एम्पीयर धारा, 10 सेकंड के लिए पारेषित की जाती है। यदि धारा की मात्रा दोगुनी कर दी जाए और समय समान रहे, तो प्रारंभिक स्थिति की तुलना में बल्ब के तंतु के माध्यम से कितना आवेश पारेषित होगा?

**Ans**
✗ 1.
प्रारंभिक स्थिति से चार गुना
✗ 2.
प्रारंभिक स्थिति के समान मात्रा
✗ 3.
प्रारंभिक स्थिति की तुलना में ठीक आधा
✓ 4.
प्रारंभिक स्थिति की तुलना में दोगुना आवेश

**Q.70** 3 वर्ष के अंत में मिश्रधन के रूप में ₹15116.544 की राशि देय होगी। यदि वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर 8% है जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो इसका वर्तमान मूल्य ज्ञात कीजिए?

**Ans**
- ✔ 1. ₹12,000
- ✘ 2. ₹11,000
- ✘ 3. ₹13,000
- ✘ 4. ₹12,500

**Q.71** खाद्य श्रृंखलाओं में अजैवनिम्नीकरणीय पीड़कनाशियों का जैविक आवर्धन क्यों होता है?

**Ans**
- ✔ 1. वे जीवों में संचित हो जाते हैं और आसानी से विघटित नहीं होते हैं।
- ✘ 2. वे पाचन के दौरान नष्ट हो जाते हैं।
- ✘ 3. वे तीव्रता से वायुमंडल में वाष्पित हो जाते हैं।
- ✘ 4. वे जल में पूर्ण रूप से विलीन हो जाते हैं।

**Q.72** रमन की मासिक आय ₹21,000 है। वह अपनी आय का 19% बचत करता है। यदि उसकी आय में 14% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans**
- ✘ 1. बचत ₹458 बढ़ जाएगी
- ✔ 2. बचत ₹462 कम हो जाएगी
- ✘ 3. बचत ₹459 बढ़ जाएगी
- ✘ 4. बचत ₹457 कम हो जाएगी

**Q.73** यदि पृथ्वी का वायुमंडल अनुपस्थित होता, तो निम्नलिखित में से किस परिघटना का अवलोकन नहीं किया जाता?

**Ans**
- ✘ 1. सूर्य की दैनिक गति
- ✘ 2. चंद्र कलाएं
- ✘ 3. सूर्य ग्रहण का घटित होना
- ✔ 4. अग्रिम सूर्योदय और विलंबित सूर्यास्त

**Q.74** भारत का सबसे पुराना लौह और इस्पात संयंत्र, टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (TISCO), 1907 में सुवर्णरेखा और खरकई (Subarnarekha and Kharkai) नदियों के संगम पर किस शहर में स्थापित किया गया था?

**Ans**
- ✘ 1. भिलाई
- ✘ 2. राउरकेला
- ✔ 3. जमशेदपुर
- ✘ 4. दुर्गापुर

**Q.75** एक आयताकार बॉक्स (घनाभ) की तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल क्रमशः 120 वर्ग सेंटीमीटर, 72 वर्ग सेंटीमीटर, और 60 वर्ग सेंटीमीटर है। बॉक्स का आयतन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 680 घन सेंटीमीटर
- ✔ 2. 720 घन सेंटीमीटर
- ✘ 3. 840 घन सेंटीमीटर
- ✘ 4. 960 घन सेंटीमीटर

**Q.76** बोर (Bohr) के परमाणु मॉडल के अनुसार, कैल्शियम परमाणु (परमाणु संख्या 20) का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास ____ है।

**Ans**
- ✘ 1. 2 , 8 , 2 , 8
- ✘ 2. 2 , 2 , 8 , 8
- ✘ 3. 2 , 8 , 10
- ✔ 4. 2 , 8 , 8 , 2

**Q.77** भारत में सरकारी व्यय की लेखापरीक्षा के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा निकाय उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✘ 1. संघ लोक सेवा आयोग
- ✘ 2. वित्त आयोग
- ✘ 3. केन्द्रीय सतर्कता आयोग
- ✔ 4. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

Black Book

Q.78 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$\{(5 + 3)^2 - (4 \times 2)\} \div 4 \times 2 + 3$

Ans
✗ 1. 33
✗ 2. 34
✗ 3. 30
✓ 4. 31

Q.79 एक ध्वनि तरंग, समुद्री जल में 1500 m/s की चाल से गमन करती है। यदि इसकी तरंगदैर्ध्य 2.5 m है, तो इसकी आवृत्ति क्या है?

Ans
✓ 1. 600 Hz
✗ 2. 150 Hz
✗ 3. 1200 Hz
✗ 4. 750 Hz

Q.80 एक इंजीनियर एक कस्टम-निर्मित गाड़ी का 12 एक-समान पैकेजों को लोड करके और उसे गोदाम के चिकने फर्श पर छोड़ कर परीक्षण करता है। यदि 36 न्यूटन का कुल बल लगाने पर गाड़ी, पैकेजों के साथ, 0.5 $m/s^2$ की दर से त्वरित होती है, तो नया त्वरण क्या होगा जब द्रव्यमान अपरिवर्तित रहे और लगाया गया बल दोगुना कर दिया जाए?

Ans
✓ 1. त्वरण प्रारंभिक मान की तुलना में दोगुना हो जाएगा।
✗ 2. त्वरण एक निश्चित राशि से कम हो जाएगा।
✗ 3. त्वरण प्रारंभिक मान की तुलना में आधा हो जाएगा।
✗ 4. त्वरण प्रारंभिक मान के समान ही रहेगा।

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. XT–SO
✓ 2. NJ–HG
✗ 3. AW–VR
✗ 4. SO–NJ

Q.82 किसी नगर की वर्तमान जनसंख्या 16,000 है। पहले वर्ष में इसमें 40% की वृद्धि होती है तथा दूसरे वर्ष में इसमें 50% की वृद्धि होती है, परंतु तीसरे वर्ष में इसमें 35% की कमी होती है। तीसरे वर्ष के अंत में नगर की जनसंख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 20,580
✗ 2. 19,320
✗ 3. 23,100
✓ 4. 21,840

Q.83 थार मरुस्थल के अधिकांश भाग को आच्छादित करने वाले बालू के चापाकार टिब्बों को _____ के नाम से जाना जाता है।

Ans
✗ 1. तारा टिब्बे (Star dunes)
✗ 2. सीफ़ टिब्बे (Seif dunes)
✓ 3. बरकान (Barchans)
✗ 4. परवलयिक टिब्बे (Parabolic dunes)

Q.84 किसी समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $4\sqrt{3}\ \text{cm}^2$ है। त्रिभुज के परिवृत्त का व्यास (cm में) कितना होगा?

Ans
✗ 1. $\frac{2\sqrt{3}}{3}$
✗ 2. $\frac{\sqrt{3}}{3}$
✗ 3. $\frac{4\sqrt{3}}{3}$
✓ 4. $\frac{8\sqrt{3}}{3}$

Q.85 एक वर्ग के विकर्ण की लंबाई $6\sqrt{2}$ cm है। वर्ग का परिमाप (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 20
✓ 2. 24
✗ 3. 48
✗ 4. 32

Q.86 7 अंकों की संख्या 92A445B, 4 से विभाज्य है। (A+B) का न्यूनतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 4
✗ 2. 3
✗ 3. 6
✓ 4. 2

Q.87 निम्नलिखित में से कौन-सा, पंचायत समिति का आपदा संबंधी कार्य है?

Ans
✗ 1. आपदा कुप्रबंधन पर न्यायिक जांच में समन्वय करना
✗ 2. केंद्रीय योजनाओं से पुनर्वास निधि का प्रवर्तन करना
✗ 3. प्रभावित परिवारों को बीमा दावे जारी करना
✓ 4. प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत प्रदान करना

Q.88 एक व्यक्ति किसी भृगु (cliff) के पास ताली बजाता है और एक लघु अंतराल के बाद वही ध्वनि दोबारा सुनता है। कौन-सा अवलोकन, यह पुष्टि करता है कि यह दोहराई गई ध्वनि एक प्रतिध्वनि है?

Ans
✗ 1. परावर्तित ध्वनि, मूल ध्वनि की तुलना में अधिक प्रबल होती है।
✓ 2. परावर्तित ध्वनि एक उल्लेखनीय विलंब के बाद सुनाई देती है।
✗ 3. परावर्तित ध्वनि, ताली बजने के उसी क्षण सुनाई देती है।
✗ 4. परावर्तित ध्वनि, ताली बजने के तुरंत बाद बिना किसी विलंब के सुनाई देती है।

Q.89 अमाशय में पाया जाने वाला कौन-सा एंजाइम प्रोटीन के पाचन में सहायता करता है?

Ans
✓ 1. पेप्सिन
✗ 2. ट्रिप्सिन
✗ 3. एमिलेस
✗ 4. लाइपेस

Q.90 वर्ष 2026 की एशियाई रिले चैंपियनशिप में, भारत की महिला टीम ने 43.85 सेकंड के सत्र के सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह प्रदर्शन किस रिले स्पर्धा में हुआ था?

Ans
✗ 1. मिश्रित 4×400 m रिले
✓ 2. महिलाओं की 4×100 m रिले
✗ 3. महिलाओं की 4×400 m रिले
✗ 4. महिलाओं की 4×200 m रिले

black book

Q.91 निम्नलिखित रैखिक समीकरण को हल कीजिए।
$2x-y+3z=8,\ x-y-z=7,\ x+y+z=10$

Ans
1. $x=\frac{17}{2}, y=\frac{27}{8}, z=\frac{15}{8}$
2. $x=\frac{17}{2}, y=\frac{27}{8}, z=\frac{-15}{8}$
3. $x=\frac{-17}{2}, y=\frac{-27}{8}, z=\frac{15}{8}$
4. $x=\frac{17}{2}, y=\frac{-27}{8}, z=\frac{-15}{8}$

Q.92 A किसी कार्य को 4 दिन में पूरा कर सकता है, जबकि B उसी कार्य को 52 दिन में पूरा कर सकता है। B अकेले 13 दिन तक कार्य करता है और फिर कार्य छोड़ देता है। A अकेले शेष कार्य को कितने दिन में पूरा कर सकता है?

Ans
1. 3
2. 2
3. 4
4. 5

Q.93 17 cm त्रिज्या और O केंद्र वाले वृत्त में, PQ और RS केंद्र के एक ही ओर स्थित दो समांतर जीवाएँ हैं। यदि PQ, 16 cm है और RS, 30 cm है, तो PQ और RS के बीच की दूरी (cm में) कितनी होगी?

Ans
1. 5
2. 7
3. 6
4. 8

Q.94 यदि संख्या 2531647 के प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए और प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी संख्या के प्रथम और अंतिम अंकों का योगफल कितना होगा?

Ans
1. 14
2. 18
3. 16
4. 12

Q.95 यदि प्रसव के दौरान माता या गर्भ को कोई जोखिम हो, तो चिकित्सक निम्नलिखित में से क्या कर सकता है?

Ans
1. सभी जोखिमों के समाप्त होने तक प्रसव में विलंब करना
2. जोखिम को उपेक्षित करते हुए सभी चिकित्सीय और शल्य-चिकित्सीय प्रक्रियाओं से बचना
3. बिना कोई कदम उठाए निष्क्रिय रूप से प्रतीक्षा करना
4. सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने हेतु शल्य-चिकित्सा प्रक्रियाएं अपनाना

Q.96 क्लोरीन (Z = 17) और निऑन (Z = 10) के बाह्यतम कोश में क्रमशः कितने इलेक्ट्रॉन हैं?

Ans
1. 8, 7
2. 7, 2
3. 7, 8
4. 7, 7

Q.97 किसी वस्तु को उसके क्रय मूल्य पर 122% के लाभ पर बेचा जाता है। यदि क्रय मूल्य और विक्रय मूल्य को आपस में बदल दिया जाए, तो इस सौदे में कितने प्रतिशत की हानि होगी? अपने उत्तर को दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।

Ans
1. 54.49%
2. 54.95%
3. 57.53%
4. 56.03%

Black book

Q.98 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(बाएं) # $ V Y W Ω F K Q λ * D A B H T σ I K % Y (दाएं)
यदि शृंखला से सभी अक्षरों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से चौथा होगा?

Ans
✗ 1. #
✗ 2. $
✗ 3. σ
✓ 4. λ

Q.99 A, B, U, V, Y, और Z में से प्रत्येक ने भिन्न-भिन्न अंक प्राप्त किए हैं। U और B के बीच केवल दो व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। केवल एक व्यक्ति ने A से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। A और U के बीच केवल तीन व्यक्तियों ने अंक प्राप्त किए हैं। Z ने Y से अधिक लेकिन V से कम अंक प्राप्त किए हैं।
कितने लोगों ने A से कम अंक प्राप्त किए हैं?

Ans
✗ 1. दो
✗ 2. तीन
✓ 3. चार
✗ 4. एक

Q.100 BEFRIENDS शब्द के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके बाद आने वाले दूसरे अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में, निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans
✗ 1. C
✓ 2. G
✗ 3. R
✗ 4. M

"

Black